उत्तराखंड में नई हेली सेवा का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

हाल ही में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के भीतर कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिये **उत्तराखंड में हेली सेवा** का उद्घाटन किया।

मुख्य बिंदु:

- नई शुरू की गई हेलीकॉप्टर सेवा **हलद्वानी को मुनस्यारी, पिथौरागढ और चंपावत** से जोड़ेगी।
- यह पहल **क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना** का एक हिस्सा है जिसका उद्देश्य इन दूरदराज़ के क्षेत्रों के बीच की दूरी को कम करना है।
  - उत्तराखंड के चुनौतीपूर्ण इलाकों के कारण, हवाई कनेक्टिविटी रोज़मर्रा की यात्रा और महत्त्वपूर्ण आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं दोनों में सहायता करेगी।
- यह लॉन्च हाल ही में जॉली ग्रांट हवाई अड्डे पर एक नए टर्मिनल भवन के उद्घाटन के बाद हुआ है।
- आगामी हवाई मार्गों की भी घोषणा की गई, जिनमें **देहरादून से अमृतसर, देहरादून से पंतनगर और देहरादून से अयोध्या** शामिल हैं।

क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना: उड़ान

- **परिचय:**
  - क्षेत्रीय हवाई अड्डे के विकास और **क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाने** के लिये नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा **UDAN (उड़े देश का आम नागरिक)** लॉन्च किया गया था।
  - यह **राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन नीति, 2016** का एक हिस्सा है।
  - यह योजना **10 वर्ष की अवधि** के लिये लागू है।
- **चरण:**
  - **चरण 1** को वर्ष 2017 में लॉन्च किया गया था, जिसका उद्देश्य देश में अनुपयोगी और असेवित हवाईअड्डे को शुरू करना था।
  - **चरण 2** को वर्ष 2018 में लॉन्च किया गया था, जिसका उद्देश्य देश के अधिक दूरस्थ और दुर्गम हिस्सों में हवाई संपर्क का विस्तार करना था।
  - **चरण 3** को नवंबर 2018 में लॉन्च किया गया था, जिसमें देश के पहाड़ी और दूरदराज़ के क्षेत्रों में हवाई संपर्क बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया था।
  - उड़ान योजना का चरण 4 दिसंबर 2019 में शुरू किया गया था, जिसमें द्वीपों और देश के अन्य दूरस्थ क्षेत्रों को जोड़ने पर ध्यान केंद्रित किया गया था।
  - **चरण 5** को अप्रैल 2023 में लॉन्च किया गया था, **जिसमें श्रेणी-2 (20-80 सीटें) और श्रेणी-3 (>80 सीटें) विमानों पर ध्यान केंद्रित किया गया था, जिसमें** उड़ान के मूल तथा गंतव्य के बीच की दूरी पर कोई प्रतिबंध नहीं था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-new-heli-service-in-uttarakhand